लोक सभा अध्यक्ष ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 09 अगस्त, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः "मैं रक्षाबंधन पर देशवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं । यह त्यौहार भाईयों और बहनों के बीच प्रेम और स्नेह को बढ़ाने के साथ-साथ परिवारों, समुदायों और लोगों के बीच सौहार्द तथा सदाशयता की भावना को भी सुदृढ़ करता है । आइये, इस अवसर पर हम अपनी बहनों जो हमारी जनसंख्या का लगभग 50 प्रतिशत हैं, के सम्मान की रक्षा और उनके कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करें ।"